पंजाब केसरी 31/08/2024

जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने जीता फुटबॉल मैच

अम्बाला, 30 अगस्त (बलराम): राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज एवं जिला खेल विभाग के तत्वावधान में वार हीरोज स्टेडियम में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें जी.एम.एन. कालेज की टीम और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सैंटर की टीम ने भाग लिया। इस मौके पर खिलाड़ियों में गजब का उत्साह दिखा और पेनल्टी सूट में जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले में जीत अपने नाम दर्ज की।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक अरुण कांत शर्मा ने मैच का शुभारंभ करते हुए मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

मैच का समापन करते हुए जिला खेल अधिकारी ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल वितरित किए। महाविद्यालय की तरफ से शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश गुप्ता द्वारा उपनिदेशक, जिला खेल अधिकारी और फुटबॉल कोच को स्मृति चिन्ह किए गए। विजेता विद्यार्थियों की जीत पर खुशी अभिव्यक्त करते हुए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने भविष्य में भी खेलों में इसी प्रकार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी।

वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल मैच में भाग लेने पहुंचीं जी.एम.एन. कॉलेज और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सैंटर की टीमें। (चंद्रमोहन)